दिन– मंगलवार दिनांक– 15 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि:– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक छह करोड़ साठ लाख से अधिक मतदाताओं ने जमा किये फॉर्म।

02. भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–फोर मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं।

03. न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली पटना उच्च न्यायालय के पैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश होंगे।

04. और, प्रदेश में मानसून की सक्रियता से अधिकांश स्थानों पर हो रही है बारिश। आज जमुई, नवादा और गया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी।

---

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक छह करोड़ साठ लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने फॉर्म जमा कराए हैं। यह राज्य के सात करोड नवासी लाख मतदाताओं का तिरासी दशमलव छह छह प्रतिशत है। निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास कर रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता न छूट जाए। अस्थायी रूप से राज्य से बाहर गए मतदाताओं से भी सम्पर्क किया जा रहा है ताकि उनका नाम पहली अगस्त को जारी होने वाली मतदाता–सूची में शामिल हो सके।

–––बाईट–अनुपम–––

बिहार में मौजूदा मतदाता सूची के 88 प्रतिशत से अधिक का सत्यापन कार्य पूरा होने के बाद पता चला है कि मौजूदा लगभग 7 करोड़ 90 लाख वोटर्स में से 12 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। वहीं 17 लाख से अधिक स्थाई रूप से बिहार से बाहर रह रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि अनुमान है कि 0.73 प्रतिशत वोटरों के नाम दो स्थान पर दर्ज हैं यह संख्या करीब 5.5 लाख है। इस प्रक्रिया के पूरे होने के बाद 35 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मौजूद मतदाता सूची से कटने का अनुमान है। हालांकि आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के प्रारुप प्रकाशन के बाद मतदाताओं को दावा आपत्ति का अधिकार होगा और उसकी जांच की जाएगी।

धर्मेंद्र कुमार राय, की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अनुपम कुमार।

---

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–फोर मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी यह वापसी अठारह दिन बाद हो रही है। चारो अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स

ड्रैगन से बाईस घंटे की वापसी यात्रा कल शुरु की। अनुमान है कि ये अंतरिक्ष यात्री आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे कैलिफोर्निया के तट पर उतरेंगे। वापसी पर शुभांशु शुक्ला और उनके सहयोगियों को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए सात दिन की निगरानी में रखा जाएगा। वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के चौदह दिन के मिशन पर थे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय और वर्ष उन्नीस सौ चौरासी में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इस दौरान, उन्होंने भारत से संबंधित सात प्रयोग किए। अंतरिक्ष स्टेशन से विदाई पर शुभांशु शुक्ला ने अपनी यात्रा को अविश्वसनीय बताया। एक्सिओम मिशन छब्बीस जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुआ था।

---

न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली पटना उच्च न्यायालय के पैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार, झारखंड सहित देश के पांच उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पटना हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार को गुवाहाटी हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इधर, हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुधीर सिंह एक बार फिर से पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश होंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रदेशवासियों के लिए पांच सौ बाईस करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं की घोषणा मुख्यमंत्री श्री कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान की थी। मुख्यमंत्री तीन सौ बाईस करोड़ रूपये की लागत से बलान और जमुआरी नदी की गाद उड़ाही, छियानवे करोड़ रूपये की लागत से रोसड़ा–शिवाजी नगर पथ के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार शिवाजीनगर प्रखंड के शंकर घाट पर बासठ करोड़ रूपये की लागत वाले उच्च स्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री समस्तीपुर के सरायरंजन में मेडिकल कॉलेज के लिए बाईपास निर्माण का भी कार्यारंभ करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

---

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि ईएलआई योजना, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना–पीएलआई के बाद दूसरा बड़ा कदम है। श्री मांडविया नई दिल्ली में राज्यों के

श्रम और उद्योग मंत्रियों के साथ आभासी माध्यम से आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का उद्देश्य रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना–ईएलआई के प्रभावी क्रियान्वयन के तौर–तरीकों पर विचार–विमर्श करना और सहयोगात्मक उपायों का पता लगाना था। उन्होंने राज्यों से मीडिया ब्रीफिंग, टेलीविजन और रेडियो साक्षात्कारों तथा अन्य साधनों द्वारा योजना का सक्रिय प्रचार करने को कहा। उन्होंने जमीनी स्तर पर व्यापक योजना के साथ जागरूकता बढ़ाने पर ज़ोर दिया।

---

नीति आयोग ने वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस की तीसरी तिमाही के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली का तीसरा संस्करण जारी किया। आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने नई दिल्ली में आयोग की यह त्रैमासिक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में वैश्विक माँग – आपूर्ति के दृष्टिकोण, क्षेत्रीय प्रदर्शन और उभरते व्यापार अवसरों के साथ देश की व्यापार स्थिति की समग्र स्थिति की जानकारी दी गई है। आयोग ने कहा कि यह रिपोर्ट सतत व्यापार वृद्धि को गति देने और बदलते वैश्विक व्यापार परिवेश में देश की स्थिति को मज़बूत करने, लचीलापन, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।

---

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने विधायक खरीद–फरोख मामले में राजद की बीमा भारती समेत चार लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। ईओयू ने इन सभी को इक्कीस जुलाई तक पेश होने के निर्देश दिये हैं। इस मामले में इंजीनियर सुनील से पिछले दिनों पूछताछ की गयी है।

---

परिवहन विभाग ने राज्य के आठ जिलों में महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण देने के लिए स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णियां में पिंक बसें चलाई जा रही है, जिसमें महिलाएं सफर करती है। इनके चालन और संचालन के लिए ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं की तैनाती की जायेगी।

---

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से अधिकांश स्थानों पर बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत वैशाली, सारण, सीवान, जहानाबाद, मुंगेर, जमुई, कैमूर, बांका और शिवहर जिलों में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। इस अवधि में वैशाली जिले के भगवानपुर में सबसे अधिक पचपन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश

रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज जमुई, नवादा और गया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

———————————————————

पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश में गंगा समेत प्रमुख नदियों के जलस्त में बढ़ोतरी देखी जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना, मुंगेर और भागलपुर में बढ़ रहा है। नदी का जलस्तर बक्सर में चेतावनी स्तर के पास पहुंच गया है। पटना के दीघा घाट और गांधी घाट में भी नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गयी है। वहीं, हाथीदह में नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर से एक मीटर कम दूरी पर पहुंच गया है। भागलपुर के कहलगांव में भी नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर के पास पहुंच गया है। पुनपुन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में तेजी से बढ़ रहा है। सीवान और सारण जिले में घाघरा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वैशाली और पश्चिम चम्पारण के चटिया में गंडक नदी के जलस्तर में भी वृद्धि दर्ज की गयी है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर में बढ़ रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती और लालबकेया नदी के जल ग्रहण क्षेत्रों में बारिश होने से शिवहर में इसके जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। बागमती नदी डुब्बा धार में खतरे के निशान से एक सौ सोलह सेंटीमीटर नीचे बह रही है।

———————————————————

केन्द्रीय शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार दो हजार पच्चीस के आवेदन करने की तिथि सत्रह जुलाई तक बढ़ा दी है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को एक पत्र भेजा है।

———————————————————

राज्य के प्लस–टू स्कूलों में इंटर में नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची आज जारी की जायेगी।

———————————————————

मधुबनी जिला की एक अदालत ने हत्या के मामले में दोषी देवेन्द्र झा को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर ग्यारह हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है।

———————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज में एसएसबी के जवानों ने एक किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त चरस का बाजार मूल्य बीस लाख रूपये बताया जा रहा है।

---

पूर्णिया जिले की सदर थाना पुलिस ने चार सौ सात लीटर विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

पटना जिले की पुलिस ने बिहटा थाना क्षेत्र के घोड़ाटाप इलाके से पांच हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इधर, पूर्णियां जिले के के० हाट थाना पुलिस ने एक हथियार तस्कर कुणाल कुमार को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरो को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने वन विभाग की ओर से आयोजित वन महोत्सव को बड़ी खबर बनाते हुये लिखा है– वन महोत्सव में पांच करोड़ पौधे लगेंगे। तीन माह तक चलेगा यह महोत्सव।

दैनिक जागरण स्वस्थ जीवनशैली को बड़ी खबर बनाते हुये लिखता है– बताना होगा समोसा और जलेबी में कितना तेल व चीनी।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– विधानसभा चुनाव से पहले बिहार सरकार लेगी सोलह हजार करोड़ रूपये का लोन। प्रभात खबर ने उच्चतम न्यायालय के हवाले से लिखा है– अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बाधित न हो, पर हेट स्पीच रोकना जरूरी। आज अखबार की सुर्खी है– राज्य के पैंतीस हजार तीन सौ तैंतीस प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षकों की हुई पदस्थापना। राष्ट्रीय सहारा ने हरियाणा और गोवा के राज्यपालों की नियुक्ति को बड़ी खबर बनाया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक छह करोड़ साठ लाख से अधिक मतदाताओं ने जमा किये फॉर्म।

02. भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–फोर मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं।

03. न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली पटना उच्च न्यायालय के पैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश होंगे।

04. और, प्रदेश में मानसून की सक्रियता से अधिकांश स्थानों पर हो रही है बारिश। आज जमुई, नवादा और गया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।